# अति लघूत्तरात्मक

**निम्नलिखित अति लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम शब्द-सीमा 20 शब्द है।**

**1. 'शोभा-सिन्धु न अन्त रही री' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**

उत्तर-- इस पंक्ति में 'शोभा' उपमेय पर 'सिन्धु' उपमान का आरोप किया गया है, अत: 'रूपक' अलंकार है।

**2. श्लेष अलंकार की परिभाषा दीजिए।**

उत्तर– जहाँ एक ही शब्द अनेक अर्थों को प्रकट करता हुआ केवल एक बार प्रयुक्त होता है, वहाँ श्लेष अलंकार होता है।

**3. समाचार-पत्रों में विशेष लेखन के क्षेत्र कौन-कौन से हैं ?**

उत्तर– व्यापार जगत्, खेल, विज्ञान, कृषि, मनोरंजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, अपराधध, रक्षा, विदेश, कानून, पर्यावरण एवं विभिन्न सामाजिक मुद्दे आदि विशेष लेखन के क्षेत्र है ।

**4. व्यापार-कारोबार से संबंधित रिपोर्टिंग की भाषा कैसी होनी चाहिए ?**

उत्तर-- व्यापार-कारोबार से संबंधित रिपोर्टिंग में जिस भाषा का इस्तेमाल किया जाये उसमे व्यापार जगत् में प्रचलित शब्दावली का प्रयोग होना चाहिए।

**5. विशेष लेखन की भाषा शैली के दो महत्वपूर्ण बिन्दु लिखिए।**

उत्तर-- (i) विशेष लेखन की भाषा सरल व समझ में आने वाली हो।

(ii) तकनीकी शब्दावली को भी सरल करके या प्रचलित शब्दों में ही लिखना चाहिए।

**6. 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ में किस गाँव का उल्लेख हुआ है?**

उत्तर-- 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ में अमझर गाँव का उल्लेख हुआ है।

**7. मिल मालिक को मजदूरों के प्रति क्या विचार आया?**

उत्तर-- मिल मालिक को मजदूरों के प्रति मजदुरो के चार-चार हाथ लग जाएँ, विचार आया

**8. रानी लक्ष्मणादेवी पर मुग्ध होकर कौन रमण करते हैं?**

उत्तर– रानी लक्ष्मणादेवी पर मुग्ध होकर राजा शिवसिंह रमण करते हैं।

**9. पति बनें चारमुख पूत बनें पंचमुख नाती ब षटमुख तदपि नई-नई।**

**पंक्ति का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर– इस पंक्ति में ब्रजभाषा का प्रयोग किया गया है। पुनरुक्ति तथा अतिशयोक्ति अलंकार हैं। षटमुख तत्सम जैसे शब्दों का प्रयोग कि गया है।

**10. कविता में वाक्य संरचना क्या है?**

उत्तर– कविता में वाक्य संरचना का ध्यान रखना भी अति आवश्यक है क्योंकि किसी पंक्ति की संरचना को बदल देने पर अर्थ भी बदल जायेगा।

**11. नाटक में चरित्रों के संवाद कैसे होने चाहिए?**

**उत्तर–** नाटक में चरित्रों के संवाद सहज और स्वाभाविक होने चाहिए।

**12. कहानी में कथानक का महत्व बताइए।**

उत्तर– कथानक-कहानी का केन्द्रबिन्दु कथानक होता है । इसमें प्रारम्भ से अन्त तक कहानी की सभी घटनाओं और पात्रों का उल्लेख होता है।

**13. 'अनुप्रास' अलंकार से युक्त कोई एक मौलिक उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर-** अनुप्रास अलंकार का उदाहरण-मधुर मधुर मुस्कान मनोहर, मनुज वेश का उजियाला।

**14. 'यमक' अलंकार की परिभाषा लिखिए।**

**उत्तर-** यमक अलंकार की परिभाषा-जहाँ एक या एक से अधिक शब्दों की आवृत्ति हो, किन्तु उनके अर्थ भिन्न-भिन्न हों, वहाँ यमक अलंकार होता है।

**15. मीडिया की भाषा में 'बीट' का क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर-** विषय विशेष में लेखन का दायित्व सौंपा जाता है। मीडिया की भाषा में इसको बीट कहते हैं।

**16. सामान्य लेखन का कौनसा सर्वमान्य नियम विशेष लेखन पर भी लागू होता है?**

**उत्तर-** लेखन में शुद्धता के साथ ही विचारों की तारतम्यता होने का सर्वमान्य नियम विशेष लेखन पर भी लागू होता है।

**17. विशेष लेखन के विभिन्न क्षेत्रों में से किन्हीं चार क्षेत्रों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** विशेष लेखन के चार क्षेत्र-(i) खेल (ii) कारोबार (iii) सिनेमा (iv) स्वास्थ्य।

**18. रामचन्द्र शुक्ल जी के पिताजी को किसके नाटक अतिप्रिय थे?**

**उत्तर-** रामचन्द्र शुक्ल जी के पिताजी को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाटक अतिप्रिय थे।

**19. 'धर्म' के कितने लक्षण बताए गए हैं? 'सुमिरिनी के मनके' अध्याय के आधार पर उत्तर लिखिए। 1**

**उत्तर-** 'सुमरिनी के मनके' पाठ में धर्म के दस लक्षण बताए गए हैं।

**20. 'देवसेना का गीत' के कवि का क्या नाम है?**

**उत्तर-** 'देवसेना' का गीत कवि जयशंकर प्रसाद रचित है।

**21. 'सरोज स्मृति' कविता किस पर केन्द्रित है?**

**उत्तर-** 'सरोज स्मृति' कविता निराला की दिवंगत पुत्री सरोज पर केन्द्रित है।

**22. 'कविता' किस परंपरा के रूप में जन्मी है?**

**उत्तर-** दादी-नानी की लोरियों, खेत-खलिहान में श्रम करते किसान और मजदूर तथा महिलाओं द्वारा पर्वो-उत्सवों पर गाए जाने की परंपरा से कविता का जन्म हुआ है।

**23. एक नाटक में मुख्यतः कितने अंक होते हैं?**

**उत्तर-** एक नाटक में अनेक अंक हो सकते हैं। न्यूनतम 2 अंक का भी नाटक हो सकता है।

**24. कहानी का केन्द्रीय बिन्दु क्या होता है?**

**उत्तर-** कहानी का केन्द्रीय बिन्दु कथानक होता है। केन्द्रीय बिन्दु कहानी का संक्षिप्त रूप होता है।

**25. प्रतीप अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर---(**i) प्रतीप अलंकार का उदाहरण–उसी तपस्वी से लम्बे थे देवदारु दो चार खड़े ।

**26. विभावना अलंकार को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–** जब कारण के अभाव में भी कार्य का होना प्रकट किया जाता है तो वहाँ विभावना अलंकार होता है।

**27. 'बीट' से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर–** विषय विशेष में लेखन का दायित्व सौपा जाता है। मीडिया की भाषा में इसको 'बिट' कहते हैं।

**28. विवरणात्मक रिपोर्ट में कैसा वर्णन होता है?**

**उत्तर–** विवरणात्मक रिपोर्ट में किसी घटना या समस्या का विस्तृत और गहन विवरण प्रस्तुत किया जाता है।

**29. भौगोलिक स्थिति के आधार पर खबरें कितने प्रकार की होती हैं ?**

**उत्तर--** भौगोलिक स्थिति के आधार पर खबरों को स्थानीय, क्षेत्रीय, आंचलिक, राष्ट्रिय एवं अन्तरराष्ट्रीय आदि रूपों में वर्गीकृत किया जाता है।

**30. गाँव के लोग संवदिया को क्या समझते थे?**

**उत्तर--** गाँव के लोगों के अंदर संवदिया को लेकर एक गलत धारणा थी कि संवदिया का काम कामचोर, निठल्ले और पेटू लोग ही करते हैं।

**31. भारत जीवन प्रेस की पुस्तकें किनके घर पर आती थीं?**

**उत्तर–** भारत जीवन प्रेस की पुस्तकें रामचंद्र शुक्ल के घर पर आती थीं।

**32. हाथ फैलाने वाले व्यक्ति को कवि ने ईमानदार क्यों कहा है?**

**उत्तर--** कवि ने हाथ फैलाने वाले व्यक्ति को ईमानदार कहा है क्योंकि अगर वह आमिर होता तो इस तरह हाथ फैलाकर भीख नही माँगता।

**33. बच्चे ने हिमालय को किस दिशा में बताया था?**

**उत्तर--** बच्चे ने हिमालय को उस दिशा में बताया जिस दिशा में उसकी पतंग उड़ी जा रही थी

**34. बिंब का कविता में क्या महत्व है? लिखिए।**

**उत्तर-** इन बिंबों से ही हम संसार को समझ सकते हैं । इन बिंबों के प्रयोग से ही कविता आसानी से समझ में आने योग्य बनती है ।

**35. नाटक तथा साहित्य की अन्य विधाओं में एक अन्तर लिखिए।**

**उत्तर--** जहाँ साहित्य की दूसरी विधाएँ पढ़ने या सुनने तक सीमित होती हैं वहीं नाटक पढ़ने-सुनने के साथ-साथ देखा भी जाता है ।

**36. कहानी विधा शिक्षा देने का प्रबल माध्यम है। कैसे?**

**उत्तर–** शिक्षा देने के लिये भी कहानी विधा का प्रयोग सबल माध्यम है । इसका सबसे अच्छा उदाहरण पंचतंत्र की कहानियाँ हैं।

**37. अन्योक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर–(**i) नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास इहि काल।

अली कली सों बिंध्यौ आगे कौन हवाल।।

**38. समासोक्ति अलंकार की परिभाषा दीजिए।**

**उत्तर–** जहाँ संक्षिप्त उक्ति के द्वारा प्रस्तुत और अप्रस्तुत अर्थ का बोध होता है, वहाँ समासोक्ति अलंकार होता है।

**39. मीडिया की भाषा में 'डेस्क' किसे कहते हैं?**

**उत्तर–** विशेष लेखन के लिए अलग से डेस्क होता है तथा उस डेस्क पर उस विषय के विशेषज्ञ पत्रकार या पत्रकारों का समूह कार्य करता है।

**40. विशेष रिपोर्ट की भाषा किस तरह की होनी चाहिए?**

**उत्तर–** विशेष रिपोर्ट की भाषा सरल, सहज और आम बोलचाल की होनी चाहिए। रिपोर्ट बहुत विस्तृत और बड़ी हो तो उसे शृंखलाबद्ध करके किश्तों में छापा जाता है।

**41. छह ककार मुख्यतः किस पर आधारित होते हैं?**

**उत्तर–** छह ककारों में पहले चार ककार- क्या, कौन, कब और कहाँ सूचनात्मक और तथ्यों पर आधारित होते हैं। अन्तिम दो ककार कैसे और क्यों पहलू पर आधारित होते हैं।

**42. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' से परिचय कहाँ हुआ?**

**उत्तर–** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का बदरी नारायण चौधरी प्रेमघन से परिचय मिर्जापुर में हुआ था।

**43. घड़ी के दृष्टांत से लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है?**

**उत्तर-** घड़ी के दृष्टांत से लेखक ने धर्म उपदेशकों पर व्यंग्य किया है।

**44. कविता 'एक कम' का वर्ण्य विषय क्या है?**

**उत्तर-** कविता 'कम' में कवि ने भ्रष्टाचारी लोगों की निंदा की है और जिन लोगों को धोखाधड़ी और गलत तरीकों से धन अर्जित किया है, उनकी भी निंदा की है।

**45. 'खाली कटोरों में बसन्त का उतरना' पंक्ति का आशय क्या है? '**

**उत्तर–**'खाली कटोरों में बसन्त का उतरना' पंक्ति का आशय भिखारियों के कटोरे भीख से भर जाते हैं।

**46. कविता के प्रमुख घटक कितने होते हैं?**

**उत्तर-** कविता के प्रमुख घटक सात होते हैं।

**47. नाटक साहित्य की कैसी विधा है?**

**उत्तर–** नाटक साहित्य की वह विधा है जिसे पढ़ा, सुना और देखा जा सकता है।

**48. कहानी क्या है? लिखिए।**

**उत्तर–** कहानी साहित्य की एक ऐसी विधा है, जो अपने ही सीमित क्षेत्र में पूर्ण, स्वतंत्र एवं प्रभावशाली है।

**49. निम्नलिखित दोहे में कौन-सा अलंकार है? उसका नाम लिखिए।**

**जो रहीम उत्तम प्रकृति का करि सकत कुसंग।**

**चंदन विष व्यापत नहीं लिपटे रहत भुजंग॥**

**उत्तर–(**i) उपर्युक्त दोहे में दृष्टान्त अलंकार है।

**50. समासोक्ति अलंकार के लक्षण लिखिए।**

**उत्तर**–(ii) समासोक्ति अलंकार में प्रस्तुत वृत्तान्त के वर्णन किये जाने पर विशेषण के साम्य से अप्रस्तुत वृत्तान्त का भी वर्णन किया जाता है।

**51. फीचर में किन घटनाओं को शामिल किया जाना चाहिए?**

**उत्तर---** फीचर में एक या दो ऐसी घटनाओं को शामिल किया जा सकता है जो न सिर्फ दिलचस्प और अनोखी हों बल्कि उससे जीवन के अहम् क्षणों पर प्रकाश पड़ता हो।

**52. समाचार जगत् में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए कौन-सा सिद्धांत मानना चाहिए?**

**उत्तर–** समाचार जगत् में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए पत्रकार को 'मास्टर ऑफ वन' का सिद्धान्त मानना चाहिए।

**53. विशेष लेखन क्या है ?**

**उत्तर--** तकनीकी रूप से जटिल किसी विषय या क्षेत्र, जो सामान्य विषय से भिन्न होता है, पर लिखा गया लेख विशेष लेखन कहलाता है ।

**54. बुढ़िया ने मूर्ति देने के बदले कितने रुपये लिए थे?**

**उत्तर–** बुढ़िया ने मूर्ति के बदले दो रुपये लिए थे।

**55. 'ढेले चुन लो' वृत्तांत में भारतेंदु हरिश्चन्द्र के किस नाटक का उल्लेख किया है?**

**उत्तर–** ढेले चुन लो' वृत्तांत में भारतेंदु हरिश्चन्द्र के दुर्लभ बंधु नाटक का उल्लेख किया है

**56 'यह दीप अकेला' कविता अज्ञेय के किस काव्य संग्रह से ली गई है?**

**उत्तर--**'यह दीप अकेला' कविता अज्ञेय के बावरा अहेरी काव्य संग्रह से ली गई है।

**57. "और खाली होता है यह शहर" यहाँ 'शहर' शब्द किस नगर के लिए प्रयुक्त है?**

**उत्तर---**"और खाली होता है यह शहर" यहाँ 'शहर' शब्द बनारस नगर के लिए प्रयुक्त है।

**58. कविता हमें जीने की कला सिखाती है। स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर---** कविता हमें अपनी ओर खींचती तो है ही, उसे बार-बार सुनने पर उसकी अनुगूंज हमारे अन्तर्मन को सुंदर बनाकर जीने की कला सिखाती है।

**59. नाटक विधा में समय का महत्व बताइए।**

**उत्तर–** नाटककार को समय का विशेष ध्यान रखना पड़ता है । उसे एक निश्चित समय सीमा में ही नाटक पूरा करना पड़ता है ।

**60. कथानक की पूर्णता की आवश्यक शर्त क्या है?**

**उत्तर–** कथानक की पूर्णता की आवश्यक शर्त यही है कि एक बाधा के समाप्त होने य किसी निष्कर्ष पर पहुँच जाने के कारण कथानक पूरा हो जाये।

**61. दृष्टान्त अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर**– (i) फूलहिं फरहिं न बैंत, जदपि सुधा बरसहि जलद।

मूरख हृदय न चेत, जो गुरु मिलहिं विरंरि सम।

**62. विशेषोक्ति अलंकार की परिभाषा दीजिए।**

**उत्तर--** जहाँ कारण होने पर भी कार्य का न होना प्रदर्शित किया जाता है, वहाँ विशेषोक्ति अलंकार होता है।

**63. इन डैप्थ रिपोर्ट में क्या होता है?**

**उत्तर--** किसी सार्वजनिक, तौर पर उपलब्ध तथ्य को, उनसे संबंधित आँकड़ों, घटनाओं आदि की गहराई से जाँच-पड़ताल के बाद सामने लाने का काम 'इन डैप्थ रिपोर्ट' करती है

**64. विशेष रिपोर्ट कितने प्रकार की होती है? संक्षेप में लिखिए।**

**उत्तर--** विशेष रिपोर्ट अनेक प्रकार की होती है। जैसे- खोजी रिपोर्ट, इनडेप्थ रिपोर्ट, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और विवरणात्मक रिपोर्ट।

**65. फीचर किसे कहते हैं? संक्षेप में लिखिए।**

**उत्तर--** फीचर एक सुव्यवस्थित, सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन है, जो सामाजिक विषयो से लेकर गंभीर विषयों और मुद्दों पर भी लिखा जा सकता है।

**66. 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के लेखक कौन हैं?**

**उत्तर**–'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के लेखक निर्मल वर्मा हैं।

**67. हाथी ने किसान के साथ साझे में किसकी खेती की?**

**उत्तर--** हाथी ने किसान के साथ साझे में ईख की खेती की।

**68. देवसेना किससे प्रेम करती थी?**

**उत्तर–** देवसेना स्कन्दगुप्त से प्रेम करती थी।

**69. 'सरोज स्मृति' कैसा गीत है?**

**उत्तर--** 'सरोज स्मृति''शोक गीत है।

**70. कविता में अपने भावों और विचारों को किस माध्यम में प्रकट किया जाता है?**

**उत्तर–** कविता में अपने भावों और विचारों को छंद, लय, ताल, स्वर में बाँधकर तथा प्रतीकों और बिंबों के माध्यम से प्रकट किया जाता है।

**71. नाटक की भाषा कैसी होनी चाहिए?**

**उत्तर–** नाटक की भाषा सहज, सरल तथा प्रसंगानुकूल होनी चाहिए।

**72. कहानी का इतिहास कितना पुराना है?**

**उत्तर–** कहानी का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना मानव का इतिहास, क्योंकि कहानी मानव स्वभाव या प्रकृति का हिस्सा है।

**73. दृष्टान्त अलंकार से आप क्या समझते हो?**

**उत्तर**–कवि पहले एक कथन कहता है तथा उसकी पुष्टि दूसरे कथन में दृष्टान्त देकर करता है। ऐसे काव्य में दृष्टान्त अलंकार होता है।

**74. विशेषोक्ति अलंकार के लक्षण दीजिए।**

**उत्तर-** जहाँ कारण उपस्थित होने पर भी कार्य नहीं होता, वहाँ विशेषोक्ति अलंकार होता है।

**75. खेल बीट किसे सौंपी जानी चाहिए?**

**उत्तर–** प्रायः किसी विशेष खेल के प्रसिद्ध खिलाड़ी अथवा किसी क्रीडा प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित अधिकारी या कोच को ही खेल बीट सौंपी जाती है।

**76. राजनीतिक रिपोर्टर को किन बातों की योग्यता होनी आवश्यक है ?**

**उत्तर--** राजनीतिक रिपोर्टर को समग्र राजनीतिक परिदृश्य के साथ उस पार्टी के पूरे इतिहास की जानकारी होनी चाहिए जिस पार्टी को कवर करना है।

**77. विशेष लेखन के पाठक वर्ग की क्या विशेषता होती है ?**

**उत्तर--** विशेष लेखन के पाठक वर्ग की यह विशेषता होती है कि उसे उस विषय में अच्छी जानकारी होती है।

**78. रामचंद्र के पिता जी भारत जीवन प्रेस की किताबें छुपा देते थे, क्यों?**

**उत्तर---** लेखक के पिताजी को डर था कि कहीं उनके बेटे यानि रामचंद्र शुक्ल जी का चित्त स्कूल की पढ़ाई से हट न जाए। इसलिए प्रेस की किताबें छुपा दिया करते थे।

**79. साझा कहानी का प्रतीकार्थ क्या है?**

**उत्तर–** पूँजीपतियों की नजर उद्योगों पर एकाधिकार करने के बाद किसानों की जमीन पर है। यह साझा कहानी का प्रतीकार्थ है।

**80. किसकी आज्ञा पाकर भरत अपनी बात कहने के लिए सभा में खड़े हुए?**

**उत्तर–** मुनि वशिष्ठ की आज्ञा पाकर भरत अपनी बात कहने के लिए सभा में खड़े हुए।

**81. कवि केशव के अनुसार भगवान शिव की तरह मुक्ति कौन देती है?**

**उत्तर--** कवि केशव के अनुसार भगवान शिव की तरह मुक्ति पंचवटी देती है।

**82. कविता से आप क्या समझते हैं? लिखिए।**

**उत्तर--** कविता मनुष्य के भावों को अभिव्यक्त करने का एक सुन्दर प्रयास है । कविता को मानव-मात्र की मातृभाषा भी कहा जाता है।

**83. नाटक साहित्य की अन्य विधाओं से कैसे अलग है'? स्पष्ट करें।**

**उत्तर---** जहाँ साहित्य की अन्य विधाएँ अपने लिखित रूप में एक निश्चित और अंतिम रूप को प्राप्त कर लेती हैं वहीं नाटक अपने लिखित रूप में सिर्फ एक पक्षीय ही होता है। जब उस नाटक का मंचन होता है तब वह पूर्ण रूप प्राप्त करता है।

**84. कहानी की मौखिक परंपरा के बारे में बताइए।**

**उत्तर--** हमारे देश में मौखिक कहानी की परंपरा बहुत पुरानी है और आज तक प्रचलित है । खासतौर से राजस्थान में आज भी यह परंपरा जीवित है।

**85. विभावना अलंकार का एक उदाहरण लिखिए ।**

**उत्तर**–(i) विभावना अलंकार का उदाहरण--

नाचि अचानक ही उठे बिनु पावस बन मोर।

जानति हों नन्दित करी यह दिशि नंदकिशोर ॥

**86. अर्थालंकार की प्रमुख विशेषता क्या है? '.**

**उत्तर---** जहाँ काव्य चमत्कार प्रयुक्त शब्द में न होकर उसके अर्थ में होता है, वहाँ अर्थालंकार होता है।

**87. बीट रिपोर्टिंग से आप क्या समझते हो?**

**उत्तर–** बीट की रिपोर्टिंग के लिए संवाददाता को उस क्षेत्र के विषय में जानकारी और रुचि का होना आवश्यक है।

**88. किसी विषय के विशेषज्ञों से समाचार क्यों लिखवाए जाते हैं ?**

**उत्तर–** जब किसी खास समाचार को लिखने वाले पेशेवर पत्रकार नहीं मिलते तब किसी विषय विशेषज्ञ से लेख लिखवाए जाने की व्यवस्था की जाती है।

**89. विशेषीकृत रिपोर्टिंग क्या है? संक्षेप में लिखिए।**

**उत्तर–** विशेषीकृत रिपोर्टिंग के अंतर्गत सामान्य समाचारों की अपेक्षा विशेष क्षेत्र या विशेष विषय से जुड़ी घटनाओं और समस्याओं का बहुत ही बारीकी से विश्लेषण करके प्रस्तुत करता है।

**90. घड़ी के दृष्टांत से लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है?.**

**उत्तर--** घड़ी के दृष्टांत से लेखक ने धर्म उपदेशकों पर व्यंग्य किया है।

**91. माँ ने बड़ी बहुरिया के लिए क्या-क्या भेजा था?**

**उत्तर--** माँ ने बड़ी बहुरिया के लिए थोड़ा चूड़ा और बासमती का धान भेजा था।

**92. राम-वियोग में कौशल्या किसे छाती से लगाती है?**

**उत्तर--** राम-वियोग में कौशल्या राम की जूतियों को छाती से लगाती है।

**93. 'एक कम' कविता के आधार पर आजादी मिलने के बाद ईमानदार लोग कैसे हो गए?**

**उत्तर–**'एक कम' कविता के आधार पर आजादी मिलने के बाद ईमानदार लोग गरीब तथा लाचार हो गए।

**94. कविता में लय व ताल का क्या योगदान है?**

**उत्तर–** लय व ताल व लय के माध्यम से कविता में गेयता आती है, जिससे संगीतबद्ध कविता स्मरणीय होने के साथ आनन्द भी प्रदान करती है।

**95. सफल नाटक की भाषा शैली कैसी होनी चाहिए?**

**उत्तर--** नाटक की भाषा सहज, सरल तथा प्रसंगानुकूल होनी चाहिए।

**96. कहानी-लेखन के विभिन्न विषय लिखिए।**

**उत्तर--** प्रायः कहानी किसी घटना, युद्ध, प्रतिशोध के किस्से अथवा पौराणिक, ऐतिहासिक व वास्तविक घटनाएँ भी हो सकती हैं।

**97. विशेषोक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर– (**i) विशेषोक्ति अलंकार का उदाहरण

नेताजी की सम्पत्ति कुबेर के समान बढ़ी।

किन्तु वह चुनाव में घमंड से बचे॥

**98. दृष्टान्त अलंकार के लक्षण लिखिए।**

**उत्तर–** दृष्टान्त अलंकार वहाँ होता है जहाँ दो कथनों में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव होता है। पहले एक बात कहकर फिर उससे मिलती-जुलती बात कही जाती है।

**99. समाचार-पत्र की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ?**

**उत्तर–** जब उसमें विभिन्न विषयों और क्षेत्रो, घटित घटनाओं, समस्याओं और मुद्दों आदि के बारे में नियमित रूप से जानकारी दी जाए ।

**100. मीडिया की भाषा में विशेष लेखन क्या कहलाता है?**

**उत्तर–** मीडिया की भाषा में इसे बीट कहते है ।

**101. किसी भी लेखन को विशिष्टता प्रदान करने वाली बातें कौन-सी हैं ?**

**उत्तर---** दो बातों का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है कि उसकी बात पाठक की समझ में आ रही है या नहीं। उसके लिखे तथ्य और तर्क में एकरूपता है या नहीं।

**102. 'संवदिया' पाठ में संवदिया का नाम क्या है?**

**उत्तर–**'संवदिया' पाठ में संवदिया का नाम हरगोबिन है।

**103. तीन गृह्यसूत्रों का नाम बताइये, जिसमें ढेलों की लाटरी का जिक्र है?**

**उत्तर--** तीन गृह्यसूत्र, जिसमें ढेलों की लाटरी का उल्लेख है-आश्वलायन, गोभिल और भारद्वाज।

**104. सिकन्दर के सेनापति सेल्यूकस की बेटी कौन थी?**

**उत्तर–** सिकन्दर के सेनापति सेल्यूकस की बेटी कार्नेलिया थी।

**105. गीत गाने दो मुझे तो,**

**वेदना को रोकने को। - इन पंक्तियों का भावार्थ लिखो।**

**उत्तर–** कवि अपने जीवन में मिलने वाले दुखो से संघर्ष करते-करते थक गया है। कवि अपने दुःख को कम करने के लिए गीत गाना चाहता है।

**106. कविता में परिवेश का क्या महत्व है? बताइए।**

**उत्तर–** कविता का सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व परिवेश होता है । उसी के अनुरूप कविता के सारे घटक परिचालित होते हैं। और भाषा, संरचना बिंब, छंद आदि का चुनाव किया जाता है।

**107. 'नाटक' विधा से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–** नाटक साहित्य की वह विधा है जिसे पढ़ा, सुना और देखा जा सकता है ।

**108. कहानी की परिभाषा लिखिए।**

**उत्तर--** किसी घटना, पात्र या समस्या की क्रमबद्ध जानकारी प्रस्तुत करना जिस परिवेश, द्वन्द्वात्मकता का भी समावेश हो तथा चरम उत्कर्ष का बिन्दु हो, उसे कहानी कहा जा सकता है।